दिनांक 18 जनवरी 2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आदर्श मार्केट के रूप में डेवलप करने आकाश गंगा क्षेत्र से होगी शुरुआत, कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने मार्केट क्षेत्रों का निरीक्षण कर लिया जायजा

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत मार्केट क्षेत्रों को एक आदर्श मार्केट के रूप में विकसित करने का कार्य प्रारंभ होगा। इसके लिए आकाशगंगा व्यवसायिक परिसर से शुरुआत की जाएगी। कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आज विभिन्न मार्केट क्षेत्रों का निरीक्षण कर जायजा लिया। नेहरू नगर चौक में चौपाटी के रूप में विकसित करते हुए वेंडिंग जोन तैयार किया जाएगा। भिलाई निगम ने कलेक्टर के निर्देश पर नेहरू नगर चौक से केपीएस जाने वाले रोड पर पहला वेंडिंग जोन तैयार किया है। अब नेहरू नगर चौक के समीप अमन ढाबा से लगे हुए स्थान पर चौपाटी के रूप में विकसित करते हुए वेंडिंग जोन तैयार किया जाएगा, कलेक्टर ने इसकी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए है। इसके लिए अधिकारी सर्वे कर शीघ्र ही इस पर कार्य आरंभ करेंगे। कलेक्टर एवं आयुक्त ने नेहरू नगर बुनियाद कांप्लेक्स से लेकर नेहरू नगर व्यवसायिक परिसर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी भी मौजूद थे। निगम और चेंबर ऑफ कॉमर्स मार्केट क्षेत्र को आदर्श मार्केट बनाने के लिए अभियान चलाएंगे। शीघ्र ही आकाश गंगा से इसकी शुरुआत हो जाएगी। आदर्श मार्केट बनाने के लिए पार्किंग स्थल का चयन , स्ट्रीट लाइट का संधारण एवं लाइट लगाने का कार्य , शौचालय मरम्मत एवं संधारण का कार्य , आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान , दुकानों में डस्टबिन तथा गमले रखने का अभियान, स्वच्छता के लिए विशेष अभियान, अतिक्रमण हटाने का अभियान आदि शामिल है। कलेक्टर के निरीक्षण के बाद शीघ्र ही यह अभियान भिलाई में प्रारंभ हो जाएगा। मार्केट क्षेत्रों को बेहतर बनाने के लिए कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने नवाचार अपनाते हुए इसकी कार्य योजना तैयार कर इस पर अमल करने अधिकारियों को निर्देश दिए थे। प्रारंभिक तौर पर अभी एक मार्केट का चयन किया गया है इसी तरह आगे भी मार्केट क्षेत्रों का चयन कर इस पर कार्य किया जाएगा। आज निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त राजेंद्र नायक , कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा , सहायक अभियंता आलोक पसीने , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, चेंबर ऑफ कॉमर्स के महामंत्री अजय भसीन एवं व्यापारी संघ के पदाधिकारी व अन्य मौके पर मौजूद रहे।